# समकालीन विश्व में अमरीकी वचेस्व Important Questions || Class 12 Political Science Book 1 Chapter 3 in Hindi ||

## एक अंकीय प्रश्न :

**प्रश्न 1. अमेरिकी वर्चस्व की शुरूआत कब हुई ?**

**उत्तर:** 1991 में, सोवियत संघ के विघटन के बाद।

**प्रश्न 2. पेंटागन क्या है ?**

**उत्तर:** अमेरिका का रक्षा मुख्यालय।

**प्रश्न 3. IMF का शब्द विस्तार लिखो।**

**उत्तर:** अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष।

**प्रश्न 4. अमेरिकी वर्चस्व से बचने का कोई एक तरीका बताइयें।**

**उत्तर:** अपने को छिपा लेने की नीति।

**प्रश्न 5. वाक्य सही करके लिखो – एम.बी.ए. की डिग्री अमेरिका के सैन्य वर्चस्व को दर्शाती है।**

**उत्तर:** एम.बी.ए. डिग्री अमेरिका के आर्थिक वर्चस्व को दर्शाती है।

**प्रश्न 6. 9/11 की घटना के लिए किस आतंकवादी गुट को जिम्मेवार माना गया।**

**उत्तर:** अलकायदा

**प्रश्न 7. प्रथम खाड़ी युद्ध कब हुआ?**

**उत्तर:** 1991 में

**प्रश्न 8. ऑपरेशन "डेजर्ट स्टार्म' नामक सैन्य अभियान का नेतृत्व किसने किया ?**

**उत्तर:** अमेरिकी जनरल नार्मन श्वार्जकॉव।

**प्रश्न 9. आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए विश्वव्यापी युद्ध को किस नाम से जाना गया।**

**उत्तर:** ऑपरेशन एन्ड्यूरिंग फ्रीडम।

**प्रश्न 10. अमेरिकी नेतृत्व में कोअलिशन ऑफ वीलिंग्स (आकांक्षियों का महाजोट) किस देश के विरूद्ध बना ?**

**उत्तर:** इराक।

**प्रश्न 11. कौन सा युद्ध वीडियो गेम वार के नाम से जाना गया ?**

**उत्तर:** प्रथम खाड़ी युद्ध (1991)

**प्रश्न 12. बैंड वैगन नीति क्या है ?**

**उत्तर:** वर्चस्व वाले देश का विरोध करने कि बजाय उसके तंत्र के अवसरों का लाभ उठाया।

**प्रश्न 13. नई विश्व व्यवस्था क्या है ?**

**उत्तर:** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इराक के खिलाफ सैन्य अभियान को इजाजत देना।

**प्रश्न 14. ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच किसके विरूद्ध चलाया गया ?**

**उत्तर:** अलकायदा के विरूद्ध

## दो अंकीय प्रश्न :

---

**प्रश्न 1. पहला बिजनेस स्कूल कब व कहाँ खुला ?**

**उत्तर:** यूनिवर्सिटी ऑफ पेन्सिलवेनिया में वाहर्टन स्कूल के नाम से 1881 में। एम. बी.ए. के शुरूआती पाठ्यक्रम 1900 से आरम्भ हुए।

**प्रश्न 2. वर्चस्व (हेगेमनी) से आप क्या समझते हो ?**

**उत्तर:** दूसरे के व्यवहार को प्रभावित या नियंत्रित करने की क्षमता, जिससे कि वह _प्रत्येक बात मान ले, वर्चस्व कहलाता है।

**प्रश्न 3. राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपने कार्यकाल के दौरान किन मुद्दों पर अधिक जोर दिया ?**

**उत्तर:** लोकतंत्र को बढ़ावा, जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम मुद्दों पर जोर दिया।

**प्रश्न 4. प्रथम खाड़ी युद्ध किन दो पक्षों के बीच लड़ा गया ?**

**उत्तर:** इराक और अमेरिका द्वारा निर्देशित उप देशों की सेना के बीच।

**प्रश्न 5. 9/11 की घटना से आप क्या समझते हो?**

**उत्तर:** 11 सितम्बर 2001 को 19 अपहरणकर्ताओं, जिनका संबंध अलकायदा से माना गया, ने विमानों का उपहरण करके दो को न्यूयार्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से टकराया। इसे 9/11 की घटना कहते है।

**प्रश्न 6. 9/11 की घटना से आपके विचार में अमेरिकी सोच में क्या बदलाव आया ?**

**उत्तर:** आतंकवाद को विश्वव्यापी घटना अर्थात् अन्तर्राष्ट्रीय समस्या माना।

**प्रश्न 7. भारत और अमेरिका के बीच मित्रता दर्शाने वाले किन्ही दो तथ्यों को उजागर करो।**

**उत्तर:**

- भारत और अमेरिका के मध्य असैन्य परमाणु करार।
- आतंकवाद को एक समस्या मानना।

**प्रश्न 8. आज वैश्विक अर्थव्यवस्था डॉलरमयी है। टिप्पणी करो।**

**उत्तर:**

- विश्व व्यापार में अधिकतर विनिमय की मुद्रा अमेरिकी डॉलर है।
- विश्व व्यापार को नियंत्रित करने की अमेरिकी क्षमता को डालरमयी शब्द से इंगित किया गया है।

**प्रश्न 9. ऑपरेशन इसकी फ्रीडम के इराक पर किए गए हमले का वास्तविक मकसद क्या था ?**

**उत्तर:**

- इराक के तेल भंडार पर नियंत्रण।
- इराक में अमेरिका की मनपसंद सरकार कायम करना।

**प्रश्न 10. ऑपरेशन एन्डयूरिंग फ्रीडम के अन्तर्गत क्या-क्या कदम उठाए गए?**

**उत्तर:**

- अलकायदा और तालिबान को निशाना बनाया।
- संदेहास्पद लोगों को गिरफ्तार कर 'ग्वांतानामो वे" में रखा गया।

## चार अंकीय प्रश्न :

**प्रश्न 1. अमेरिकी वर्चस्व का सैन्य तथा सांस्कृतिक संदर्भ में उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर:** हम रोजाना बात करते हैं कि फलां आदमी ताकतवर होता जा रहा है या ताकतवर बनने पर तुला हुआ है। विश्व राजनीति में भी विभिन्न देश या देशों के समूह ताकत पाने और कायम रखने की लगातार कोशिश करते हैं। यह ताकत सैन्य प्रभुत्व, आर्थिक – शक्ति, राजनीतिक रुतबे और सांस्कृतिक बढ़त के रूप में होती है। एकमात्र महाशक्ति अमरीका बचा।

**प्रश्न 2. 11 सितम्बर 2001 को संयुक्त राज्य अमेरिका पर आकंतवाद हमला क्यों हुआ ? इस पर अमेरिका की प्रतिक्रिया क्या थी?**

**उत्तर:** पूरी दुनिया के लोगों तथा सरकारों का ध्यान आकर्षित करने के लिए तथा ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच की प्रतिक्रिया स्वरूप।

- अमेरिका ने इसके विरूद्ध विश्वव्यापी युद्ध छेड़ दिया।

- सुरक्षा के नाम पर अमेरिका में प्रवेश करने वाले यहाँ तक कि छूट प्राप्त राजनयिकों को भी जांच के दायरे में ले लिया गया।

**प्रश्न 3. अमेरीका के वर्चस्व से निबटने के विभिन्न उपायों पर चर्चा कीजिए ?**

**उत्तरः**

- बैंडवैगन नीति।
- अपने को छुपा लेने की नीति।
- मीडिया, स्वयसेवी संगठन, बुद्धिजीवियों द्वारा सामूहिक प्रतिकार।
- शक्तिशाली एवं बड़े देशों यथा चीन, रूस तथा भारत द्वारा संयुक्त प्रयास द्वारा।

**प्रश्न 4. विश्व की अर्थव्यवस्था में अमेरिका का क्या स्थान है ? इसका उदाहरण सहित वर्णन करो।**

**उत्तरः**

- विश्व की अर्थव्यवस्था में अमेरिकी भागीदारी 28 प्रतिशत है।
- हर क्षेत्र में अमेरिका की कोई न कोई कम्पनी अग्रणी तीन कम्पनियों में से है।
- प्रमुख आर्थिक अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे IMF, विश्व बैंक तथा विश्व व्यापार संगठन पर अमेरिका का दबदबा।
- वर्ल्ड वेव वाइड या इंटरनेट पर अमेरिकी प्रभुत्व एवं MBA की डिग्री।

## पाँच अंकीय प्रश्न :

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

**"कुछ लोग मानते है कि अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार कोई देश अथवा देशों का समूह नहीं कर पाएगा क्योंकि आज सभी देश अमरीकी ताकत के आगे वेबस हैं। ये लोग मानते हैं कि राज्येत्तर संस्थाएँ अमरीकी वर्चस्व के प्रतिकार के लिए आगे आएंगी। अमरीकी वर्चस्व को आर्थिक और सांस्कृतिक धरातल पर चुनौती मिलेगी।"**

**i) अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार कौन कर सकता है ?**

**उत्तरः** राज्येत्तर संस्थाएं

**ii) "राज्येत्तर संस्था" से क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तरः** स्वयंसेवी संगठन, मीडिया व बुद्धिजीवी आदि।

**iii) अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार किस प्रकार किया जा सकता है ?**

**उत्तरः** ये संस्थाएं आपस में मिलकर विश्वव्यापी नेटवर्क बना सकती है। जिसमें अमेरिकी नागरिक भी शामिल हो सकते है।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़िए से पढ़िए तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?**


https://www.evidyarthi.in/

**1992 में बिल क्लिंटन अमेरिका के राष्ट्रपति बने। क्लिंटन ने विदेश नीति की जगह घरेलू नीति को अपने चुनाव प्रचार का निशाना बनाया था। क्लिंटन 1996 में दुबारा चुनाव जीते और इस तरह वह आठ सालों तक राष्ट्रपति पद पर रहे। क्लिंटन के दौर में ऐसा जान पड़ता था कि अमेरिका ने अपने को घरेलू मामलों तक सीमित कर लिया है। विदेश नीति के मामले में क्लिंटन सरकार ने सैन्य शक्ति और सुरक्षा जैसी कठोर राजनीति की जगह लोकतंत्र के बढ़ावे, जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया।**

**i) 1992 में राष्ट्रपति बने बिल क्लिंटन किस पार्टी के उम्मीदवार थे तथा उन्होंने किस उम्मीदवार को हराया ?**

**उत्तर:** डेमोक्रेटिक पार्टी, जार्ज बुश सीनियर।

**ii) क्लिंटन के चुनाव प्रचार के मुख्य मुद्दे क्या थे ?**

**उत्तर:** घरेलू रूप से अमेरिका को मजबूत बनाना।

**iii) क्लिंटन ने किन मुद्दों को अपने कार्यकाल के दौरान उठाया ?**

**उत्तर:** लोकतंत्र के बढ़ावे, जलवायु परिवर्तन तथा विश्व व्यापार जैसे नरम मुद्दो पर अपना ध्यान केन्द्रित किया।

**प्रश्न 3. उपरोक्त कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए एवं निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**



**i) यह बलिष्ठ सैनिक कौन से देश का प्रतिनिधित्व करता है ?**

**उत्तर:** अमेरिका।

**ii) सैनिक की वर्दी पर इतने देशों के नाम क्यों लिखे गए है ?**

**उत्तर:** ये नाम उन देशों के हैं जिन पर अमेरिका आक्रमण कर चुका है और महाशक्ति के रूप में अपना वर्चस्व दिखा चुका है।

**iii) यह कार्टून अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय को क्या संदेश देता है ?**

**उत्तर:** वर्तमान में अमेरिका विश्व की एकमात्र महाशक्ति है और विश्व के किसी भी भाग में अपने हितों को आगे बढ़ा सकता है।

**प्रश्न 4. उपरोक्त चित्र का अध्ययन कीजिए एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?**

**i) उपरोक्त चित्र किस महाशक्ति के प्रभाव को दर्शाता है ?**

**उत्तर:** सांस्कृतिक प्रभाव । वर्चस्व को।

**ii) महाशक्ति के प्रभाव के किस रूप को आप यहाँ देख रहे है ?**



**उत्तर:** वेशभूषा व खान-पान पर प्रभाव।

**iii) इन प्रभावों को रोजमर्रा की जिन्दगी में आप किस राज्य में देखते है ?**

**उत्तर:** भाषा, संगीत, वेशभूषा व खानपान आदि में।

## 6 अंकीय प्रश्न :

---

**प्रश्न 1. अमेरिकी वर्चस्व की राह में तीन अवरोध कौन से है ? स्पष्ट करो?**

**उत्तर:**

- अमेरिका की संस्थागत बनावट।
- अमेरिकी समाज की उन्मुक्त प्रकृति।
- नाटो।

**प्रश्न 2. संयुक्त राज्य अमरीका के साथ भारत के संबंध किस प्रकार के होने चाहिए ? इसके बारे में भारत के अंदर तीन विभिन्न दृष्टिकाणो का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर:**

- भारत को अमेरिका से दूरी बनाए रखनी चाहिए और उसे अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।
- भारत को अमेरिकी वर्चस्व और आपसी समझ का यथा संभव अपने हित में लाभ उठाना चाहिए। अमेरिका का विरोध करना व्यर्थ होगा और अंततः भारत को क्षति पहुंचेगी।
- भारत को विकासशील देशों का गठबंधन बनाने में नेतृत्व देना चाहिए।

**प्रश्न 3. अमरीका की उन्नत प्रौद्योगिकी भारतीय मेहनत का फल है। इस कथन के पक्ष में तर्क सहित विस्तारपूर्वक समझाइये?**

**उत्तर:**

- सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में भारत के कुल निर्यात का 65 प्रतिशत अमेरिका का जाता है।
- वोईंग के 35 प्रतिशत तकनीकी कर्मचारी भारतीय मूल के है।
- 3 लाख भारतीय 'सिलिकन वैली में कार्यरत है।
- उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की 15 प्रतिशत कम्पनियों की शुरूआत अमेरिका में बसे भारतीयों ने ही की है।

**प्रश्न 4. संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्चस्व के विश्व पर राजनीतिक प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर:**

- भारत को सामरिक बढ़त।
- ऊर्जा आवश्यकताओं की पूति।
- परमाणु आपूर्ति समूह NSG द्वारा यूरेनियम की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- विश्व राजनीति में भारत का कद बढ़ना एवं छवि में सुधार।
- भारत अमेरिकी संबंधों में प्रगाढ़ता
- अन्य विकसित देशों जैसे फ्रांस के साथ भी इसी प्रकार का समझौता करना। स्मरणीय बिन्दु देखें।